
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

T u e s d a y

## 11 जून

1. **ग्रेट बैरियर रीफ की खोज–** 11 जून, 1770 ई. को एक ब्रिटिश नाविक तथा खोजकर्ता कैप्टन जेम्स कुक ने ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ का खोज किया था। यह विश्व का सबसे बड़ा प्रवाल भित्ति है, जो 2,900 से अधिक भित्तियों और 900 से अधिक द्वीपों से मिलकर बना है। इसे 'पानी का बगीचा' भी कहा जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड तट पर 2,300 किलोमीटर में फैला है। इसे वर्ष 1981 में विश्व धरोहर सूची में भी शामिल किया गया है।
   प्रवाल भित्तियां मछलियों, स्टारफिश और समुद्री एनीमोन के लिये आवास प्रदान करता है। इनका उपयोग आभूषणों मे, इमारतों और सड़क के निर्माण के लिए और सीमेंट उद्योगों में भी किया जाता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को संसार के मानचित्र पर ग्रेट बैरियर रीफ की अवस्थिति बतायें।
2. **अन्तरिक्ष में रहने का विश्व रिकॉर्ड–** किसी महिला द्वारा अन्तरिक्ष में एक समय में गुजारा गया सबसे लम्बा समय का रिकार्ड इटली की महिला सामन्था क्रिस्टोफोरेटी ने बनाया। इन्होंने 11 जून, 2015 को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 199 दिन और 16 घण्टे रह कर सुनिता विलियम के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। अपनी अंतरिक्ष यात्रा समाप्त कर सामन्था 11 जून 2015 को पृथ्वी पर वापस आ गई। साथ ही अंतरिक्ष में एक्सप्रेसो कॉफी बनाने वाली वे विश्व की प्रथम महिला हैं।
3. **राम प्रसाद 'बिस्मिल' का जन्मदिन–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रांतिकारी राम प्रसाद 'बिस्मिल' का जन्म 11 जून, 1897 ई. को शाहजहाँपुर (उत्तरप्रदेश) में हुआ था। इन्हें ब्रिटिश सरकार ने 30 वर्ष की आयु में फाँसी दे दी थी। फाँसी के वक्त इन्होंने बिस्मिल अज़िमाबादी के लिखी गीत 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...' को गाकर इसे लोकप्रिय बनाया था। इस उम्र तक इनकी 11 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी थी। ये हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के सदस्य थे। वे 'मैनपुरी शड्यंत्र' और 'काकोरी काण्ड' जैसी कई घटनाओं में शामिल थे।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 3', अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** से जोड़कर चर्चा करें।

" विष से भी अमृत ग्रहण करो, अपवित्र के पिण्ड से विशुद्ध सोना ग्रहण करो, शत्रु से भी उत्तम आचरण की शिक्षा लो और बालक से भी सुन्दर वचन ग्रहण करों। सभी से कुछ ग्रहण करो, यदि तुम विनम्र हो तो निम्न वर्ग के मनुष्यों से भी विद्वता ग्रहण करो।"

# दिवस विशेष

11 जून

मधु प्रिया


## राम प्रसाद 'बिस्मिल का जन्म 11 जून



राम प्रसाद 'बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर शहर के खिरनीबाग मुहल्ले में जन्मे रामप्रसाद अपने पिता मुरलीधर और माता मूलमती की दूसरी सन्तान थे। राम प्रसाद 'बिस्मिल' भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने फाँसी दे दी। वे मैनपुरी षड्यन्त्र व काकोरी-काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के सदस्य भी थे।राम प्रसाद एक कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाभाषी, इतिहासकार व साहित्यकार भी थे। बिस्मिल उनका उर्दू तखल्लुस (उपनाम) था जिसका हिन्दी में अर्थ होता है आत्मिक रूप से आहत। बिस्मिल के अतिरिक्त वे राम और अज्ञात के नाम से भी लेख व कवितायें लिखते थे।ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी (निर्जला एकादशी) विक्रमी संवत् 1897 शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में जन्मे राम प्रसाद 30 वर्ष की आयु में पौष कृष्ण एकादशी (सफला एकादशी), सोमवार, विक्रमी संवत् 1927 को शहीद हुए। उन्होंने सन् 1916 में 19 वर्ष की आयु में क्रान्तिकारी मार्ग में कदम रखा था। 11 वर्ष के क्रान्तिकारी जीवन में उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं और स्वयं ही उन्हें प्रकाशित किया। उन पुस्तकों को बेचकर जो पैसा मिला उससे उन्होंने हथियार खरीदे और उन हथियारों का उपयोग ब्रिटिश राज का विरोध करने के लिये किया। 11 पुस्तकें उनके जीवन काल में प्रकाशित हुईं, जिनमें से अधिकतर सरकार द्वारा ज़ब्त कर ली गयीं।बिस्मिल को तत्कालीन संयुक्त प्रान्त आगरा व अवध की लखनऊ सेण्ट्रल जेल की 11 नम्बर बैरक में रखा गया था। इसी जेल में उनके दल के अन्य साथियोँ को एक साथ रखकर उन सभी पर ब्रिटिश राज के विरुद्ध साजिश रचने का ऐतिहासिक मुकदमा चलाया गया था।

# जयंती विशेष 11 जून

राकेश कुमार




**पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल'** (11 जून 1897 - 19 दिसम्बर 1927) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने फाँसी दे दी। वे मैनपुरी षड्यन्त्र व काकोरी-काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के सदस्य भी थे।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.06.2024

## प्रसार शिक्षा

प्रसार शिक्षा मुख्यत: ग्रामीण लोगों के लिए एक शिक्षा है जिसके द्वारा व्यक्ति का विद्यालय जाए बिना आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास संभव है। प्रसार का अर्थ है उन लोगों में विभिन्न नई तथा उपयोगी तकनीकों का प्रसार करना जो लोग नियमित विद्यालय या विश्वविद्यालय नहीं जा सकते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**पूजा तोमर** ने यूएफसी का मुकाबला **जीतकर** इतिहास रच दिया है। वो पहली **भारतीय महिला** फाइटर हैं जिन्होंने **यूएफसी मुकाबला** जीता है।

# TOB बूझो तो जानें . .



415

हरे हरे से है दिखे पक्के हो या कच्चे, भीतर से यह लाल मलाई जैसे ठंडे - मीठे लच्छे ...... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 412

### अंतरिक्ष में 1000 दिन पूरा करने वाले प्रथम व्यक्ति कौन हैं?

A. सुनीता विलियम्स

B. ओलेग कोनोनेंको

C. वलेरी पॉलाकोव

D. एड ह्वाइट



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

# T-20 क्रिकेट




## टी-20 में भारत के सबसे सफल डिफेंड

| बनाम | स्कोर | कहां | कब |
|---|---|---|---|
| पाकिस्तान | 120 | न्यूयॉर्क | 2024 |
| जिम्बाब्वे | 139 | हरारे | 2016 |
| इंग्लैंड | 145 | नागपुर | 2017 |
| बांग्लादेश | 147 | बेंगलुरु | 2016 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की
क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी

## पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल'

की जयंती पर सादर नमन।

**जन्म-11 जून 1897 - मृत्यु- 19 दिसम्बर 1927**




/teachersofbihar

11 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

गर्मी, सर्दी हो या बरसात आपके लक्ष्य के बीच कुछ भी नहीं आना चाहिए।

**नीरज चोपड़ा**



राकेश कुमार